राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–143/2023

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक की

पटना, 21 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत राज्य के टीबी रोगियों को मिल रहे फूड बास्केट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों को फूड बास्केट देकर मदद करना परस्पर प्रेम एवं करूणा का संदेश देगा। उन्होंने राज्य के शिक्षण संस्थानों, जन प्रतिनिधियों एवं समाज के सभी सक्षम लोगों से नि–क्षय मित्र बनकर बिहार को वर्ष 2024 के अंत तक टीबी मुक्त राज्य बनाने के लिए सहयोग करने का आह्वान किया।

उन्होंने टीबी रोगियों एवं जन साधारण के बीच टीबी रोग के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने हेतु जानकारी के व्यापक प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया। साथ ही, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि–क्षय मित्र के रूप में निबंधन हेतु लोगों को जागरूक करने को कहा ताकि वे अधिकाधिक टीबी रोगियों की मदद कर सकें।

बैठक में बताया गया कि टीबी रोगियों को उपचार के दौरान फूड बास्केट प्रदान करने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। राज्यपाल के प्रधान सचिव सहित राजभवन के आठ पदाधिकारियों द्वारा भी नि–क्षय मित्र के रूप में निबंधन कराकर टीबी रोगियों को फूड बास्केट दिये जा रहे हैं।

बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ० बी०के० मिश्रा, केन्द्रीय यक्ष्मा प्रभाग, भारत सरकार के प्रतिनिधि श्री डी० धार्माराव एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....